स्वरोजगार हेतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पाँच दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण बारे आमंत्रण

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र, गाँव सदलपुर, जिला-हिसार (हरियाणा) द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बेरोज़गार नवयुवकों एवं युवतियों के लिए हिसार जिले में **पाँच दिवसीय सात व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों** का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, गाँव सदलपुर (हिसार) में किया जाएगा। यह कार्यक्रम माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉ. बी.आर. काम्बोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तथा डॉ. रमेश कुमार, निदेशक विस्तार शिक्षा के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। केंद्र के संयोजक डॉ० नरेन्द्र कुमार ने बताया कि इन प्रशिक्षणों में **दो कटिंग एवं टेलरिंग, एक बेकरी, दो फल एवं सब्ज़ी प्रसंस्करण, एक स्प्रे तकनीक**, तथा **एक नर्सरी उत्पादन** से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में **अपाहिज, जरूरतमंद, विधवा, बेसहारा एवं बेरोज़गार व्यक्तियों** को प्राथमिकता दी जाएगी। एक ही परिवार से अथवा पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके व्यक्ति को दोबारा प्रशिक्षण नहीं दिया जाएगा। इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य लाभार्थियों के **जीवन स्तर में सुधार करना तथा उन्हें स्वरोज़गार अपनाने हेतु प्रेरित करना** है। प्रशिक्षण से संबंधित कुछ सामान्य ज्ञान आवश्यक होगा तथा प्रशिक्षण के उपरांत स्वरोज़गार अपनाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। **प्रतिभागियों का चयन दिनांक 31.01.2026 को प्रातः 8:00 बजे कृषि विज्ञान केंद्र, गाँव सदलपुर में किया जाएगा।** चयन के समय अभ्यर्थी अपने साथ **जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फैमिली पहचान पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, दो रंगीन फोटो, बैंक पासबुक के मूल दस्तावेज तथा एक-एक फोटोप्रति** अवश्य लाएँ।